# रेड क्रॉस

1. 28 से 31 मई 2024 तक कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में होने वाले चार दिवसीय यूथ रेडक्रॉस शिविर में हमारे कॉलेज के छह स्वयंसेवको ने प्रतिभागिता की।
2. 21 जून 2024 को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में दयाल सिंह कॉलेज, करनाल , रेड क्रॉस सोसाइटी एवं पूर्व छात्र संघ के संयुक्त तत्वावधान में एक भव्य और उत्साहपूर्ण योग दिवस समारोह का आयोजन किया गया जिसमें 106 लोगों ने योगाभ्यास किया
3. 25 जुलाई 2024 को नव आगन्तुक विद्यार्थियों को संस्थान की संस्कृति से परिचित कराने के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें रेडक्रॉस इंचार्ज द्वारा विद्यार्थियों को रेडक्रॉस में पंजीकरण और गतिविधियों की जानकारी दी गई।
4. 9 से 31 अगस्त 2024 तक कॉलेज में विद्यार्थियों को यूथ रेडक्रॉस से जोड़ने के लिए पंजीकरण अभियान चलाया गया जिसमें 80 विद्यार्थियों का पंजीकरण किया गया।
5. दयाल सिंह कॉलेज की रेडक्रॉस सोसायटी एवं एनएसएस द्वारा 17 अगस्त 2024 स्थानीय पुलिस के सहयोग से अम्बेडकर चौक पर सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें चालकों को यातायात के नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया गया।
6. 6 सितंबर 2024 को रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा एक विशेष अभियान का आयोजन किया गया, जहां विद्यार्थियों को कक्षाओं में जाकर रक्तदान के प्रति जागरूक किया गया।
7. 9 सितंबर 2024 को दयाल सिंह कॉलेज, करनाल में रेडक्रॉस, एन एस एस, व एन सी सी के संयुक्त तत्वावधान में कॉलेज संस्थापक स्वर्गीय सरदार दयाल सिंह मजीठिया की 126वीं पुण्यतिथि को “गौरव दिवस”

के रूप में मनाकर उन्हे श्रद्धांजलि दी गई। इस पुनीत अवसर पर पौधारोपण, रक्तदान शिविर एवं सीपीआर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में 96 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया।

8. 31 अगस्त 2024 को करनाल ज़िला प्रशासन द्वारा आयोजित रन फ़ॉर यूनिटी का भव्य आयोजन सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता और अखंडता को बढ़ावा देना था। इस दौड़ में दयाल सिंह कॉलेज, करनाल के रेडक्रॉस ,स्पोर्ट्स, एनसीसी एयर विंग व आर्मी विंग और एनएसएस के 25 विद्यार्थियों ने उत्साह से भाग लिया।
9. 18 नवंबर 2024 को कॉलेज में नशीली दवाओं के प्रति जागरूकता और इसके नुकसान पर एक नुक्कड़ नाटक (स्ट्रीट प्ले) का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया ।
10. 30 नवंबर 2024 को एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से रेड रिबन क्लब और एड्स कंट्रोल क्लब एवं रेड क्रॉस सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में जागरूकता शपथ का आयोजन किया गया जिसमें कॉलेज के 71 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।
11. 4 दिसंबर 2024 को रेड रिबन क्लब और एड्स कंट्रोल क्लब (रेडक्रॉस सोसायटी) के संयुक्त तत्वावधान में एचआईवी/एड्स पर जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें कॉलेज के 71 विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।
12. 9 दिसंबर 2024 को रेड रिबन क्लब, एड्स कंट्रोल क्लब और रेडक्रॉस सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में एचआईवी/एड्स जागरूकता अभियान के तहत “मानव श्रृंखला” (Formation of Human Chain) का आयोजन किया गया।

13. 14 दिसंबर 2024 को दयाल सिंह कॉलेज, करनाल में रेड रिबन क्लब, एड्स कंट्रोल क्लब और रेडक्रॉस सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में एचआईवी/एड्स जागरूकता अभियान के तहत विशेष फ़िल्म "TeachAIDS" का प्रदर्शन किया गया।

14. 16 दिसंबर 2024 को दयाल सिंह कॉलेज, करनाल में रेड रिबन क्लब, एड्स कंट्रोल क्लब और रेडक्रॉस सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में "राष्ट्रीय टोल-फ्री हेल्पलाइन 1097 और NACO AIDS ऐप के प्रचार" पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

15. 26 से 31 जनवरी 2025 तक रेडक्रॉस सोसायटी/ रेड़ रिबन क्लब व स्पोर्ट्स विभाग के संयुक्त तत्वावधान में "हर घर परिवार सूर्य नमस्कार अभियान" का आयोजन किया गया।

16. 26 जनवरी 2025 गणतंत्र दिवस के अवसर पर करनाल प्रशासन द्वारा पुलिस लाइन, करनाल में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों और संगठनों ने अपनी झांकियां प्रस्तुत कीं। इस आयोजन में ज़िला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा दयाल सिंह कॉलेज, करनाल के स्वयंसेवकों ने HIV/AIDS के प्रति जागरूकता हेतु एक आकर्षक और शिक्षाप्रद झांकी प्रस्तुत की।

17. भारतीय रैडक्रॉस समिति, हरियाणा शाखा, चंडीगढ़ द्वारा 5 से 10 फरवरी, 2025 तक हरिद्वार स्थित नंगलीबेला आश्रम में लड़कियों के लिए विशेष यूथ रैडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में दयाल सिंह कॉलेज से पाँच छात्राओं एवं काउंसलर कविता रानी रीस्टोरर ने भाग लिया।

18. 17 फरवरी 2025 को कॉलेज में यूथ रेडक्रॉस, राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS), एनसीसी आर्मी विंग और एनसीसी एयर विंग के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय प्राथमिक चिकित्सा एवं आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 64 छात्राओं

और 36 छात्रों कुल 100 छात्र- ने भाग लेकर महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं।

19. 21-22 फ़रवरी 2025 को कॉलेज की 74वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के अवसर पर रेडक्रॉस / एनएसएस का विशेष दो दिवसीय शिविर लगाया गया।

20. 6 मार्च 2025 को एनएसएस कैंप में रेडक्रॉस टीम का व्याख्यान एवं सामूहिक चर्चा का आयोजन किया गया।

21. 7 अप्रैल 2025 को विश्व स्वास्थ्य दिवस पर रक्त जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान कुल 201 विद्यार्थियों का हीमोग्लोबिन स्तर जांचा गया, जिनमें से 64 विद्यार्थी सामान्य पाए गए,57 विद्यार्थी हल्के एनीमिया (माइल्ड) से पीड़ित पाए गए, 77 विद्यार्थी मध्यम एनीमिया (मॉडरेट) से ग्रस्त पाए गए एवं 3 विद्यार्थियों का हीमोग्लोबिन स्तर 8 ग्राम से कम होने के कारण उन्हें जिला नागरिक अस्पताल, करनाल में रेफर किया गया।

22. 18 अप्रैल 2025 को करनाल ज़िला प्रशासन के सौजन्य से "नशे के खिलाफ जागरूकता साइक्लोथॉन 2.0" रैली का सफल आयोजन किया गया।

23. 23 अप्रैल 2025 को नेत्र एवं दंत स्वास्थ्य जांच शिविर एवं नशा मुक्ति रैली का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन कॉलेज की रेड क्रॉस सोसायटी, एनसीसी (एयर विंग एवं आर्मी विंग) तथा एनएसएस इकाई के संयुक्त प्रयासों से हुआ।